महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

शिक्षा मंत्रालय

(~~मानव संसाधन विकास मंत्रालय~~, भारत सरकार)

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

(~~Ministry of HRD~~, Govt. of India)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं. 17-3/2019 (प्र./वि.)/मसारावेविप्र/

दिनांक : 14/1/2022

कार्यालय आदेश -1082

प्रतिवर्ष 21 फरवरी को यूनेस्को द्वारा घोषित "अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" मनाया जाता है । तदनुसार मातृभाषा को संरक्षित करने, मातृभाषा के प्रति जागरूकता पैदा करने और सांस्कृतिक परम्परा को बचाये रखने के लिए प्रतिवर्ष इस दिन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मातृभाषा दिवस मनाता है । मंत्रालय के निर्देशानुसार इस वर्ष दिनांक 21-02-2022 को मातृभाषा को संरक्षित करने और बढावा देने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा मातृभाषा दिवस मनाया जाएगा । इस अवसर पर निम्नलिखित उद्देश्यों को समाहित कर आयोजन किए जा सकते हैं :-

(1) देश की भाषाई विविधता पर विचार करना ।

(2) संबंधित मातृभाषा के साथ अन्य भारतीय भाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करना ।

(3) देश की अलग-अलग संस्कृति, साहित्य, शिल्प, कला, लिपि, रचनात्मक अभिव्यक्ति को समझना ।

प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा योजना इकाई अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है, कि दिनांक 21-2-2022 को पाठशाला/ इकाई में अध्ययनरत छात्रों के लिए वाग्मिता, डिबेट, गायन, निबंध लेखन, चित्रकला, संगीत, नाटक , प्रदर्शनी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करें । वेदपाठशालाओं / इकाइयों में आयोजित प्रतियोगिताओं का प्रतिवेदन/ फोटो प्रतिष्ठान को ईमेल msrvvp.academic@gmail.com एवं स्पीड पोस्ट से प्रेषित करें ।

14/1/2022

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)

सचिव

प्रतिलिपि : (1) सचिव के निजी सचिव, मसारावेविप्र

(2) प्रतिष्ठान कार्यालय के समस्त कर्मचारी / अधिकारी ।

(3) राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय के अध्यापक/ छात्र एवं कर्मचारी ।

(4) समस्त वेदपाठशाला /गुरु-शिष्य परम्परा योजना इकाई अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।

(5) कार्यालय आदेश पत्रावली ।

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)

E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in